Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

# अध्याय-3 | चुनावी राजनीति

Worksheet-1

## बहुविकल्पी प्रश्न

1. **ई.पी.आई.सी. का क्या अर्थ है?**

(अ) चुनाव फोटो व्यक्तिगत कार्ड
(ब) प्राथमिक फोटो पहचान कार्ड
(स) चुनाव फोटो पहचान पत्र
(द) चुनाव फोटो पहचान आयोग

2. **प्रत्येक संसदीय चुनाव क्षेत्र से निर्वाचित प्रतिनिधि को क्या कहा जाता है?**

(अ) विधायक
(ब) सांसद
(स) इनमें से कोई नहीं
(द) निर्वाचित मुखिया

3. **आजकल मतदान के लिए कौन-सी मशीन का प्रयोग किया जाता है?**

(अ) इलैक्ट्रॉनिक वीडियो मशीन
(ब) इलैक्ट्रॉनिक विजुअल मशीन
(स) इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन
(द) इलैक्ट्रिक वोटिंग मशीन

4. **भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त को कौन नियुक्त करता है?**

(अ) भारत का राष्ट्रपति
ब) भारत का प्रधानमंत्री
(स) लोक सभा अध्यक्ष
(द) सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश

5. **2004 के चुनावों के दौरान चुनाव अभियान संबंधी क्रियाकलापों में कितने मतदाताओं ने भाग लिया?**

(अ) एक तिहाई मतदाताओं से कम
(ब) दो तिहाई मतदाताओं से अधिक
(स) दो तिहाई मतदाताओं से कम
(द) एक तिहाई मतदाताओं से अधिक

6. **भारत में आम चुनाव कितने वर्षों के अंतराल पर आयोजित किए जाते हैं?**

(अ) हर 3 वर्ष
(ब) हर 4 वर्ष
(स) हर 5 वर्ष
(द) हर 6 वर्ष

7. **भारत में चुनावों को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से कराने की जिम्मेदारी किस संस्था की होती है?**

(अ) संसद
(ब) राष्ट्रपति
(स) निर्वाचन आयोग
(द) प्रधानमंत्री

8. **निम्नलिखित में से कौन-सा चुनावी सुधार है जो लागू किया गया है?**

(अ) वोटिंग केवल कागज के माध्यम से
(ब) चुनाव आयोग को नियंत्रित करना
(स) ईवीएम (EVM) का प्रयोग
(द) राजनीतिक दलों को सरकारी फंडिंग

9. **चुनावों में 'आचार संहिता' का तात्पर्य क्या है?**

(अ) सरकारी कर्मचारियों की सूची
(ब) उम्मीदवारों के लिए नियमों का सेट
(स) मतदाताओं की जिम्मेदारी
(द) चुनाव प्रचार का तरीका

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**10. भारत में कोई भी नागरिक मतदाता बनने के लिए न्यूनतम कितनी उम्र का होना चाहिए?**

(अ) 16 वर्ष | (ब) 18 वर्ष

(स) 21 वर्ष | (द) 25 वर्ष

## रिक्त स्थान :

11. प्रत्येक राजनैतिक पार्टी को चुनाव आयोग एक __________ आबंटित करता है।

12. चुनाव जीतने वाली पार्टी __________ बनाती है।

## सत्य / असत्य

13. चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार को नामांकन पत्र भरना ऐच्छिक होता है।

14. चुनाव के उद्देश्य से देश को अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में बांट दिया जाता है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. चुनाव किसे कहते हैं?

16. मतदाता किसे कहते हैं?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. लोकतंत्र में चुनाव का क्या महत्त्व है?

18. आधुनिक लोकतंत्र अप्रत्यक्ष क्यों है?

## निबंधात्मक प्रश्न

19. प्रत्यक्ष चुनाव तथा अप्रत्यक्ष चुनाव में अंतर स्पष्ट करें।

20. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का क्या अर्थ है?

## HOTS

21. इस अध्याय में वर्णित चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों की सूची बनाएँ और इन्हें चुनाव में सबसे पहले किए जाने वाले काम से लेकर आखिर तक के क्रम में सजाएँ। इनमें से कुछ मामले हैं:
चुनाव घोषणा पत्र जारी करना, वोटों की गिनती, मतदाता सूची बनाना, चुनाव अभियान, चुनाव नतीजों की घोषणा, मतदान, पुनर्मतदान के आदेश, चुनाव प्रक्रिया की घोषणा, नामांकन दाखिल करना।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

1. (स) चुनाव फोटो पहचान पत्र
2. (ब) सांसद।
3. (स) इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन।
4. (अ) भारत का राष्ट्रपति।
5. (द) एक तिहाई मतदाताओं से अधिक
6. (स) हर 5 वर्ष।
7. (स) निर्वाचन आयो।
8. (स) ईवीएम (EVM) का प्रयोग।
9. (ब) उम्मीदवारों के लिए नियमों का सेट।
10. (ब) 18 वर्ष।
11. **रिक्त स्थान :** चुनाव चिन्ह
12. **रिक्त स्थान :** सरकार
13. **सत्य / असत्य :** असत्य
14. **सत्य / असत्य :** सत्य
15. लोकतंत्र में शासन जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा चलाया जाता है। वह प्रक्रिया जिससे नागरिक अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं, चुनाव कहलाती है।
16. एक राज्य में रहने वाले वे व्यक्ति जिन्हें प्रतिनिधियों के चुनाव में भाग लेने एवं मतदान करने का अधिकार होता है उन्हें मतदाता कहा जाता है।
17. आधुनिक राज्यों में प्रायः अप्रत्यक्ष लोकतंत्र की स्थापना की गई है। इस प्रणाली में मतदाता एक निश्चित काल के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं, जो सरकार को चलाते हैं। प्रतिनिधि को चुनने के लिए चुनाव आवश्यक होते हैं। चुनाव प्रायः दलीय आधार पर लड़े जाते हैं, परंतु कई उम्मीदवार स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भी चुनाव लड़ते हैं। चुनावों में जिस राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त हो जाता है, वह सरकार का गठन करता है और शासन की बागडोर सँभालता है।
18. आधुनिक राज्य अपनी संख्या तथा क्षेत्रफल की दृष्टि से बहुत बड़े हैं और सभी मतदाताओं के लिए राज्य के कार्यों में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेना संभव नहीं है। नागरिक एक निश्चित अवधि के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर देते हैं जो उस काल में देश का शासन चलाते हैं।
19. **प्रत्यक्ष चुनाव एवं अप्रत्यक्ष चुनाव में अंतर—**

    **प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली:** जहाँ साधारण मतदाता अपने प्रतिनिधियों को स्वयं चुनते हैं। इसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता विभिन्न उम्मीदवारों में से एक उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करता है और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों में से जो उम्मीदवार शेष सभी उम्मीदवारो से अधिक मत प्राप्त कर लेता है, वह निर्वाचित घोषित कर दिया जाता है। भारत में लोकसभा के सदस्यों के लिए यही चुनाव प्रणाली को लागू किया गया है। प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली में जनता में राजनैतिक चेतना और समस्या के प्रति अभिरुचि बढ़ती है। भारत में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों व लोकसभा के सदस्यों का चुनाव इसी विधि से होता है।

    **अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली:** के अंतर्गत मतदाता स्वयं अपने प्रतिनिधियों का चुनाव नहीं करते। मतदाता अपने मत डाल कर कुछ निर्वाचकों अथवा प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं और इस प्रकार एक निर्वाचक मंडल का निर्माण होता है। इस निर्वाचक मंडल के सदस्य विशेष अधिकारी का चुनाव करते हैं। अप्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली में नागरिकों की राजनीतिक चेतना का ह्रास होता है। भारत में राष्ट्रपति तथा उप-राष्ट्रपति के चुनाव के लिए इस चुनाव-प्रणाली को अपनाया गया है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**20. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ—** कुछ वर्ष पहले तक अर्थात् लोकतंत्र के प्रसार से पहले मताधिकार संपत्ति, शिक्षा, नस्ल, लिंग आदि पर आधारित होता था, परंतु आधुनिक समय में इन सभी योग्यताओं को अस्वीकार कर दिया गया और 'वयस्कता' को ही मतदान का एकमात्र आधार माना जाने लगा है। इसमें प्रत्येक नागरिक को, जो वयस्क हो गया है, मतदान का अधिकार दे दिया जाता है। केवल अल्पवयस्क, पागल दिवालिए, अपराधी, तथा विदेशी लोगों को ही मताधिकार से वंचित किया जाता है। किसी भी व्यक्ति को उसके धर्म, जाति, वंश, लिंग तथा जन्म-स्थान के आधार पर मताधिकार से वंचित नहीं किया जाता। यह लोकतंत्र की मूल कुंजी पर आधारित है। भारत में 1950 में सार्वभौम मताधिकार की उम्र 21 थी, जो 1989 में घटकर 18 वर्ष रह गयी। जापान में मताधिकार की आयु 25 वर्ष निश्चित की गई है। वर्तमान युग में विश्व के लगभग सभी देशों में वयस्क मताधिकार को लागू किया गया है।

**21.** मतदाता सूची बनाना, चुनाव प्रक्रिया की घोषण, नामांकन दाखिल करना, चुनाव घोषणा-पत्र जारी करना, चुनाव-अभियान, मतदान, पुनर्मतदान के आदेश, वोटों की गिनती, चुनाव नतीजों की घोषणा।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App